FREE ONLINE EDUCATION
swayam
शिक्षित भारत, उन्नत भारत

# SWAYAM


## (स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव - लर्निंग फॉर यंग ऐस्पायरिंग माइन्ड्स)

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने 9 जुलाई, 2017 को भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा 'डिजिटल इंडिया कार्यक्रम' के अंतर्गत **SWAYAM** - एक उल्लेखनीय डिजिटल पहल का शुभारंभ किया है। इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निर्धारित किये गए तीन प्रमुख सिद्धांतों अर्थात- पहुँच, समानता और गुणवत्ता को प्राप्त करना है। SWAYAM का उद्देश्य पूरे भारत में छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करना है और यह राष्ट्रीय डिजिटल पहल, पीएम ई-विद्या के प्रमुख तत्वों में से एक आवश्यक तत्त्व के रूप में उभरा है। इस प्रयास का मूल उद्देश्य शिक्षा से वंचित और सभी लोगों तक सर्वोत्तम शिक्षण-अधिगम सामग्री पहुंचाना है। ऐसे कई हितधारक हैं जो इस डिजिटल क्रांति से अछूते रह गए हैं और ज्ञान प्राप्ति की प्रचलित मुख्यधारा में शामिल होने में असमर्थ हैं, इसलिए SWAYAM वह प्रयास है जो राष्ट्रीय समन्वयकों के साथ सहयोग करके लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) के माध्यम से ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की सुविधा प्रदान करके इस डिजिटल विभाजन को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। SWAYAM पर प्रस्तुत किए जाने वाले पाठ्यक्रम परस्पर संवादात्मक हैं, देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों द्वारा रचित और विकसित किए गए हैं और किसी भी शिक्षार्थी के लिए निःशुल्क उपलब्ध हैं।

## इसकी निम्नलिखित विशेषताएं हैं

- उच्च विद्यालय से विश्वविद्यालय स्तर तक सभी पाठ्यक्रमों के लिए वन-स्टॉप वेब और मोबाइल आधारित इंटरैक्टिव ई-सामग्री।
- कभी भी, कहीं भी आधार पर मल्टीमीडिया का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता अधिगम अनुभव प्रदान किया जा सकता है।
- अत्याधुनिक प्रणाली है, जो अधिगमकर्ता को आसान पहुंच, निरीक्षण और प्रमाणन की अनुमति प्रदान करती है।
- विषय -वस्तु से सम्बन्धित कोई संदेह या शंकाओ के निवारण के लिए सहकर्मी समूह बातचीत और चर्चा के लिए मंच प्रदान किया गया है।
- वितरण का हाइब्रिड मॉडल है, जो कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाता है।

# SWAYAM के राष्ट्रीय समन्वयक




राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में कक्षा IX-XII के लिए SWAYAM पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए उत्तरदायी है। NCERT कक्षा IX और XII के लिए 11 विषयों में 28 पाठ्यक्रम पेश कर रहा है। ये पाठ्यक्रम हर साल दो चक्रों में उपलब्ध होते हैं। चक्र १ अप्रैल से सितंबर तक है, चक्र २ अक्टूबर से मार्च तक है। सितंबर 2024 तक लगभग 4.7 लाख शिक्षार्थी लाभान्वित हुए हैं।



# SWAYAM पर ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए चार चतुर्थांश:

स्वयं के लिए विशेष रूप से विकसित पाठ्यक्रम चार चतुर्थांशों का पालन करते हैं जिसमें निम्नलिखित घटक हैं:

### चतुर्थांश 1

ई-ट्यूटोरियल (वीडियो, ऑडियो, एनीमेशन, सिमुलेशन, वीडियो प्रदर्शन, वर्चुअल लैब आदि, वीडियो के ट्रांसक्रिप्शन के साथ)

### चतुर्थांश 2

ई-सामग्री (स्व-निर्देशात्मक सामग्री, ई-पुस्तक, चित्रण, केस अध्ययन, प्रस्तुतीकरण आदि, तथा इसमें वेब संसाधन, संबंधित लिंक, ओपन सोर्स सामग्री आदि भी शामिल हैं)

### चतुर्थांश 3

पाठ्यक्रम समन्वयक या उनकी टीम द्वारा लगभग वास्तविक समय के आधार पर संदेह उठाने और उन्हें स्पष्ट करने के लिए चर्चा मंच।

### चतुर्थांश 4

आँकलन (एमसीक्यू, रिक्त स्थान भरें, मिलान प्रश्न, प्रश्नोत्तरी, असाइनमेंट और समाधान, चर्चा मंच विषय, सामान्य संदेह पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न स्पष्टीकरण)

## पाठ्यक्रम में कौन शामिल हो सकता है

- स्कूली छात्र - अपने ज्ञान को समृद्ध करने के लिए।
- अभिभावक, सेवा-पूर्व शिक्षक और सेवा-कालीन शिक्षक - विषय-वस्तु और शैक्षणिक दृष्टिकोण को समझना।
- प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रवेश परीक्षाओं आदि की तैयारी करने वाला कोई भी व्यक्ति या कोई भी सामान्य नागरिक भी सीधे विशेषज्ञों से विषय-वस्तु को अच्छी तरह से सीखने के लिए इन पाठ्यक्रमों में पंजीकरण कर सकता है।

## कोर्स में कैसे शामिल हों ?

- CIET वेबसाइट से कोर्स तक पहुँचें - https://ciet.ncert.gov.in/initiative/moocs-on-swayam
- https://swayam.gov.in/ पर पंजीकरण करें,
- चयनित पाठ्यक्रम में निःशुल्क रूप से शामिल हो,
- विषय-वस्तु सीखें और उससे जुड़ी हुई सभी गतिविधियां पूर्ण करें,
- अंतिम आँकलन में भाग ले और प्रमाण पत्र प्राप्त करें।

सीआईईटी वेबसाइट से कोर्स तक पहुंचें

## प्रमाणीकरण

| पाठ्यक्रम पूर्णता का प्रमाण पत्र | पाठ्यक्रम भागीदारी का प्रमाण पत्र | पाठ्यक्रम प्रशंसा प्रमाणपत्र |
|---|---|---|
| वे शिक्षार्थी जिन्होंने प्रारंभिक आँकलन में 50% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए तथा योगात्मक आँकलन में 60% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। | प्रारंभिक आँकलन में 50% और उससे अधिक अंक पाने वाले शिक्षार्थी। | वे शिक्षार्थी जिन्होंने योगात्मक आँकलन में 60% या उससे अधिक अंक प्राप्त किए । |

चक्र 14 के अंतर्गत 28 पाठ्यक्रम खुले हैं और कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित विशेष पाठ्यक्रम लिंक का उपयोग करके या क्यूआर कोड को स्कैन करके पाठ्यक्रम में शामिल हो सकता है।

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| कोर्स नामांकन और आरंभ की तिथि : | 16 अक्टूबर 2024 |
| कोर्स नामांकन समाप्ति की तिथि : | 01 मार्च 2025 |
| कोर्स समाप्ति की तिथि : | 25 मार्च 2025 |

## उपलब्ध पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम शीर्षक और क्यूआर कोड।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लेखा शास्त्र XI भाग-I | जीव विज्ञान XI भाग-I | जीव विज्ञान XI भाग-II | जीव विज्ञान XII भाग-I | व्यवसाय अध्ययन XI भाग-I |
| व्यवसाय अध्ययन XII भाग-I | रसायन विज्ञान XI भाग-I | रसायन विज्ञान XI भाग-II | रसायन विज्ञान XII भाग-I | अर्थशास्त्र XI भाग-I |
| अर्थशास्त्र XII भाग-I | अंग्रेजी XII भाग-I | भूगोल XI भाग-I | भूगोल XI भाग-II | भूगोल XII भाग-I |
| भूगोल XII भाग-II | गणित XI भाग-I | गणित XI भाग-II | गणित XII भाग-I | भौतिकी XI भाग-I |
| भौतिकी XI भाग-II | भौतिकी XII भाग-I | भौतिकी XII भाग-II | मनोविज्ञान XI भाग-I | मनोविज्ञान XI भाग-II |
| | मनोविज्ञान XII भाग-I | समाजशास्त्र XI भाग-I | समाजशास्त्र XII भाग-I | |

## अधिक जानकारी के लिए

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (CIET)
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (NCERT)
श्री अरविंदो मार्ग, नई दिल्ली 110016
संपर्क संख्या : 8800440559

अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमें इस पते पर लिखें:
: moocs.helpdesk@ciet.nic.in

@ncertindia @ncertofficial @ncert | @ciet_ncert NCERT OFFICIAL